CSU/G.Admn/35020/2022-23/ 1122

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली 110058

दिनांक 07.08.2025

## सूचना

विश्वविद्यालय में उपलब्ध पुरानी रद्दी की खरीद के इच्छुक सभी कबाडियों को सूचित किया जाता है कि पुरानी रद्दी सामग्री (उत्तर पुस्तिकाए, प्रश्न पत्र, अन्य परीक्षा संबंधी दस्तावेज इत्यादि) की बिक्री मौके पर उपलब्धता के आधार पर की जाएगी।

इस सम्बन्ध में यह भी सूचित किया जाता है कि कबाड़ी को विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के समक्ष ही रद्दी को काटकर निष्पादन हेतु आगे पेपर मिल को भेजना होगा व पुरानी रद्दी की खरीद के उपरान्त सम्बन्धित पेपर मिल से रद्दी का रि-साइकिलिंग (Re-cycling) सम्बन्धी प्रमाण पत्र शीघ्रातिशीघ्र विश्वविद्यालय प्रशासन में जमा करवाना अनिवार्य होगा। सामग्री की खरीद के लिए कबाड़ी को रि-साइकिलिंग (Re-cycling) प्रमाण पत्र के एवज में रुपये 5000/- (पाँच हज़ार मात्र) की ज़मानती राशि आवेदन के साथ विश्वविद्यालय में जमा करवाना होगा जोकि रि-साइकिलिंग (Re-cycling) प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय में प्राप्ति के उपरान्त वापस कर दी जाएगी।

अत: इच्छुक कबाडियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.08.2025 सायं 3:00 बजे तक रद्दी सामग्री की खरीद हेतु सीलबन्द लिफ़ाफ़ा कुलसचिव, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में अपनी दरें अंकित कर अनुभाग अधिकारी (सामान्य प्रशासन), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, 56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058 को प्रेषित करें, दिनांक 14.08.2025 सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदा पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जाऐगा। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 22.08.2025 को प्रात: 11:00 बजे सक्षम अधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जाएगी। आमंत्रित निविदाओं में प्राप्त उच्चतम दर के आधार पर कबाड़ी उपरोक्त शर्तों के साथ उक्त रद्दी सामग्री लेने का पात्र होगा।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि:-**

१. परियोजना अधिकारी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

२. सम्बन्धित पत्रावली।

## परिशिष्ट – 01

## मूल्य निविदा

| क्रम सं. | विवरण | विवरण भरें |
|---|---|---|
| 1. | फर्म/व्यक्ति का नाम | |
| 2. | पता | |
| 3. | ज़मानती राशि (डीडी नम्बर, राशि, दिनांक, बैंक का नाम आदि का विवरण) | |
| 4. | सम्पर्क नम्बर | |
| 5. | आधार संख्या | |
| 6. | जीएसटी संख्या (यदि हो) | |
| 7. | पैन संख्या | |
| 8. | अंक में उद्धृत दर प्रति (के.जी.) | रु. |
| 9. | शब्दों में उद्धृत दर प्रति (के.जी.) | |
| 10. | अन्य जानकारी (यदि कोई हो) | |

- यदि दरों में कोई अंतर पाया जाता है, तो शब्दों में लिखी दर को प्राथमिकता दी जाएगी।
- नीलामी सूचना के साथ शर्तों एवं नियमों पर हस्ताक्षरित प्रति इस परिशिष्ट के साथ संलग्न की जानी चाहिए।

**मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैंने नीलामी/बिक्री सूचना में उल्लिखित शर्तों एवं नियमों को पढ़ लिया है, समझ लिया है एवं उनसे सहमत हूँ।**

स्थान:

दिनांक:

**बोलीदाता के हस्ताक्षर**

बोलीदाता का नाम